एकलव्य विद्यालय : भोजन में निकली इल्लियां

खराब खाने को लेकर बच्चो ने दिया धरना, सहायक आयुक्त के आने के बाद हुआ मामले का पटाक्षेप

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. हाल ही में नीट में चार विधार्थियो के चयन को लेकर चर्चा में रहा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तामिया विवादों में आ गया। खराब भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाकर छात्रों ने सोमवार सुबह जमकर हंगामा किया।

घटिया खाना मिलने से नाराज हॉस्टल के बच्चे बारिश में धरने पर बैठकर कलेक्टर से मिलने को लेकर अड़े रहे। इस पूरे हंगामे के पीछे ठेका और राजनीतिक विवाद को कारण माना जा रहा है। छिंदवाड़ा जिले के तामिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सोमवार सुबह हॉस्टल के भोजन की खराब गुणवत्ता को लेकर छात्र-छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज छात्र बारिश के बीच सुबह 8 बजे से ही विद्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। छात्रों का आरोप है कि लंबे समय से खराब भोजन परोसा जा रहा है, लेकिन कई बार शिकायत करने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सूचना पर तत्काल तामिया तहसीलदार संजय मसराम,तामिया टीआई आशीष जैतवार मौके पर पहुंचे। बच्चो से बात करने करने के दौरान एकलव्य विधार्थी जिला कलेक्टर से बात करने अड़े रहे इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम जनपद अध्यक्ष तुलसा परतेती भी मौके पर पहुंचे। साढे 10 बजे जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम के आने के बाद सभी बच्चे धरना खत्म कर आडीटोरियम पहुंचे वहां सभी बच्चों से बैठकर समस्या पर बिंदुवार चर्चा की। इस दौरान कई नाटकीय घटनाक्रम सामने आए धरने के दौरान एक एएसआई द्वारा बच्चो को डंडा निकालकर खदेड़ने को लेकर बहसबाजी हुई इसी बीच कुछ बच्चों ने मुख्य सड़क तक दौड़ लगा दी।

सहायक आयुक्त ने की बच्चो से चर्चा

एकलव्य विद्यालय के आडीटोरियम में बच्चों से संवाद के दौरान समस्या पूछी बच्चों पूरे संवाद के दौरान बच्चो ने समय पर खाना नाश्ता नही देने के साथ गुणवत्ता की कमी बताई ।विधालय में पदस्थ नर्स द्वारा बच्चो के बीमार होने पर उपचार देने में लापरवाही तथा हॉस्टल के शिक्षकों द्वारा डांटने की समस्या प्रमुख रही सहायक आयुक्त श्री मरकाम ने अपना मोबाइल नंबर बच्चो से साझा कर किसी भी समस्या पर संपर्क करने कहा ।तहसीलदार ने रात्री में हॉस्टल के बाहर घूमने नही देने की समस्या बताने के बाद कहा कि विधालय में अनुशासन सर्वोपरि है ये कोई पार्क नही है कभी भी घूमे अपनी पढ़ाई, स्पोर्ट्स पर ध्यान जरुरी है। कोई भी विधार्थी मोबाइल नही रखेगा।

विधालय प्राचार्य एंव स्टाफ से हुई चर्चा

जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र मरकाम ने विधार्थियो के बाद पूरे स्टाफ से चर्चा की खाने की गुणवत्ता पर प्राचार्य श्री कुशवाह ने बताया कि शिव फर्म का टेंडर खत्म होने के बाद भोजन विधालय प्रबंधन मेस कमेटी की निगरानी में करता है उन्होंने इस शिकायत के बाद अलग अलग हॉस्टल में व्यवस्था बनाने की बात कही। सहायक आयुक्त ने नर्स खुशबू को फटकार लगाते हटाने की बात कही वही हॉस्टल अधीक्षक एजेंसी कर्मचारी से भी सवाल जबाब किये सारे बच्चो ने सिर्फ खाने सहित अन्य व्यवस्थागत समस्या बताई पढ़ाई को लेकर किसी ने कोई शिकायत नही की। तहसीलदार श्री मसराम ने प्रचार्य से गाइडलाइन संबंधी चर्चा की ।

सहायक आयुक्त ने लिया जायजा

एकलव्य विधालय के विधार्थियो और स्टाफ से अलग अलग चर्चा के बाद सहायक आयुक्त ने हॉस्टल के रसोई कक्ष ,बालक छात्रावास का जायजा लिया । उन्होंने शौचालय सहित अन्य कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

और भी है सवाल

सूत्रों की माने तो इस पूरे विवाद के पीछे विधालय में खाना बनाकर खिलाने वाली ठेका फर्म और कुछ विवादित राजनीतिक पदाधिकारियों की भूमिका इसमे शामिल मानी जा रही है। एकलव्य विधालय में आने वाले बजट को लेकर हर किसी को अपना स्वार्थ नजर आ रहा है।

कपुर्दा पुलिस की बड़ी कार्रवाई 1.01 किलो गांजा और कार जब्त

तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई.मुख्यमंत्री के नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत छिंदवाड़ा जिले की कपुर्दा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1.01 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा और परिवहन में प्रयुक्त कार जब्त कर कुल 10.20 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन तथा एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना चौरई चौकी कपुर्दा पुलिस ने 19 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर कपुर्दा नगर के पास वाहन की घेराबंदी की।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.01 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलेश उर्फ पप्पू (38) निवासी ग्राम कुंडा, थाना चौरई, जिला छिंदवाड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 12 हजार रुपये कीमत का गांजा तथा एमपी-28 जेडएम-5853 क्रमांक की कार (कीमत लगभग 9 लाख रुपये) जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 10 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में चैकी प्रभारी एवं पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

8वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा. राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत सोमवार को 8वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल छिंदवाड़ा परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेनानी श्रीमती निवेदिता गुप्ता (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आधार फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्पेशली एबल्ड बच्चों ने स्वागत गीत सहित नशामुक्ति विषय पर प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दीं।

तामिया एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य पर छात्रों ने लगाए दुर्व्यवहार के आरोप, हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. तामिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्राचार्य विद्यार्थियों से अभद्र भाषा में बात करते हैं तथा आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता। छात्रों ने शिकायत में यह भी कहा है कि विद्यालय में मिलने वाला भोजन गुणवत्तापूर्ण नहीं है और खाने में इल्ली निकलने जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जिससे विद्यार्थियों में आक्रोश है। आरोप है कि प्राचार्य छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते और लगातार अनियमितताएं हो रही हैं। इन आरोपों से नाराज छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। इस संबंध में कलेक्टर छिंदवाड़ा के नाम तहसीलदार तामिया के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया ।ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर प्राचार्य के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए।

जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, 11 युवक गिरफ्तार, 49,100 रुपये जब्त

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. चौरई पुलिस ने रविवार देर रात चांद रोड स्थित एक मकान के बरामदे में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 11 युवकों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने 49,100 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि चांद रोड क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों से बेगम-बादशाह पर दांव लगाकर

जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्रवाई करते हुए 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 11 युवकों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इनमें सोहेल पिता अरशद अली सहित अन्य आरोपित शामिल हैं ।पुलिस ने मौके से 49,100 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपितों को थाना लाकर जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश भी दी गई।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशन तथा एसडीओपी भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक गोपाल साहू, राजू भारती, राजपाल बघेल, गुलाब सिंह, अभिषेक सनोडिया, रोहित तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में छिन्दवाड़ा जिला 'ए' ग्रेड के साथ टॉप 10 में

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. राज्य स्तर से 20 जुलाई 2026 को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह जून 2026 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें इस बार छिंदवाड़ा जिला ए ग्रेड के साथ टॉप 10 में शामिल रहा है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप 81.7 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उनके द्वारा विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखी जाती है और लापरवाही पर कार्रवाई भी की जाती है। जून माह की रैंकिंग में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 96.72 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में चौथा और छिंदवाड़ा पुलिस ने 85.12 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने भी 82.23 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड में स्थान हासिल किया है। कलेक्टर नारायन ने पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय सहित 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार पटेल को बधाई दी है .

हर साल तिरपाल, हर साल खर्च ...

फिर भी नहीं थम रही सिविल सर्जन कार्यालय की बदहाली

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. जिला अस्पताल परिसर स्थित वर्षों पुरानी सिविल सर्जन कार्यालय की हेरिटेज इमारत एक बार फिर मानसून में बदहाल नजर आने लगी है। बारिश शुरू होते ही भवन की छत से जगह-जगह पानी टपक रहा है।

इससे बचाव के लिए प्रशासन ने एक बार फिर भवन पर तिरपाल (तारपोलिन) लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। हैरानी की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से हर मानसून में यही अस्थायी व्यवस्था की जाती है, लेकिन भवन की स्थायी मरम्मत या संरक्षण की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

जानकारी के अनुसार, इस भवन को पहले पूरी तरह डिस्मेंटल कर नई इमारत बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। बाद में मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग बनने के बाद इस भवन को हेरिटेज घोषित कर दिया गया। इसके बाद भवन को तोड़ने की योजना बंद हो गई, लेकिन हेरिटेज भवन के अनुरूप संरक्षण और मरम्मत भी आज तक शुरू नहीं हो सकी।

परिणामस्वरूप हर बारिश में यही भवन कर्मचारियों और प्रशासन के लिए परेशानी का कारण बन जाता है ।बारिश के दौरान कई कमरों में पानी भर जाता है। कार्यालय की छत से लगातार हो रही रिसावट के कारण महत्वपूर्ण शासकीय फाइलें और रिकॉर्ड भी खतरे में रहते हैं। कर्मचारियों को हर बार दस्तावेजों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ता है, जिससे नियमित कामकाज भी प्रभावित होता है। कई जगहों पर प्लास्टर झड़ चुका है, जबकि दीवारों और छत में दरारें साफ दिखाई देने लगी हैं। इससे भवन की संरचनात्मक सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है।

तिरपाल के नाम पर हर साल खर्च, फिर भी नहीं समाधान

कर्मचारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश से पहले भवन पर तिरपाल लगाने के नाम पर हजारों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन यह व्यवस्था कुछ महीनों से ज्यादा नहीं टिकती। हर मानसून में नए सिरे से तिरपाल लगाने की प्रक्रिया दोहराई जाती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब हर साल इस अस्थायी व्यवस्था पर राशि खर्च की जा रही है तो स्थायी मरम्मत की योजना क्यों नहीं बनाई जा रही। लोगों का आरोप है कि तिरपाल लगाने के नाम पर होने वाला यह खर्च अब केवल औपचारिकता बनकर रह गया है और इसकी पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिले में अभी तक 323.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा. जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 323.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 447.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 11.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 20 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 02, तामिया में 03, अमरवाड़ा में 12.4, चौरई में 26, हर्रई में 3.3, बिछुआ में 2.8, परासिया में 2.3, जुन्नारदेव में 1.2, चांद में 55.2 और उमरेठ में 22.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 213.6, मोहखेड़ में 281, तामिया में 292, अमरवाड़ा में 344.2, चौरई में 421.6, हर्रई में 239.2, बिछुआ 257.9, परासिया में 231.9, जुन्नारदेव में 297.6, चांद में 477.5 और उमरेठ में 349.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

मानव श्रृंखला बनाकर दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे श्नशे से दूरी है जरूरी 2.0श् नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को थाना देहात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गुरैया में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों ने सार्वजनिक स्थान पर मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। इसके पश्चात उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए सभी से स्वयं नशा न करने तथा अपने परिवार के किसी भी सदस्य को नशे की लत से दूर रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को समाज एवं राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। कार्यक्रम में लगभग 100 से 150 नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत एवं सहायक उपनिरीक्षक नितेश ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में आज प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

छिन्दवाड़ा. शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) छिंदवाड़ा में 21 जुलाई को व्ही.ई. पावरट्रेन व्ही.ई. कमर्शियल वाइकल्स एलटीडी द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि कंपनी द्वारा जारी पात्रता के अनुसार फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक एवं डीजल मैकेनिक ट्रेड के अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे।

सिंटेक्स की टंकी में भर कर रखी थी लाहन

आबकारी विभाग की टीम ने की ग्राम जूनाढाना में कार्यवाही

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. आबकारी विभाग के जामई वृत्त के अमले ने जूनाढाना में दबिश देकर तीन प्रकरण कायम किए। इस कार्यवाही के दौरान पंद्रह सौ किलो महुआ लाहन और तीस लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद हुई।

कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश और सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के मार्गदर्शन में सोमवार की दोपहर जामई वृत्त के आबकारी अमले ने जूनाढाना की पहाड़ियों और जंगल में सघन जांच अभियान छेड़ा।

इस दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर एक सिंटेक्स टंकी, पाँच बड़े ड्रम और एक छोटे ड्रम में रखा गया लगभग पंद्रह सौ किलो महुआ लाहन और तीस लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद हुई। उक्त लाहन को विधिवत नष्ट कर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जबकि एक आरोपी

के कब्जे से हाथ भट्टी शराब जप्त कर मामला कायम किया गया। इस कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी नरेन्द्र नागेश, आरक्षक सचिन श्रीवास्तव और अमृता साहू उपस्थित थे।

अव्यवस्था | असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जिला अस्पताल परिसर में रातभर सजता अवैध बाजार

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,20 जुलाई. जिला अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय और गायनिक वार्ड के सामने रोजाना रात करीब 8 बजे से सुबह 9 बजे तक चाय-नाश्ते और कपड़ों की दुकानें लगाई जा रही हैं।

हैरानी की बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यह अवैध कारोबार लगातार जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि

ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्डों की मिलीभगत के कारण इन दुकानों को हटाने की कार्रवाई नहीं हो रही है।

सबसे गंभीर बात यह है कि रात के समय इन दुकानों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। देर रात तक लोगों की आवाजाही और शोर-शराबे से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से गायनिक वार्ड के सामने इस तरह की गतिविधियां महिला मरीजों की सुरक्षा और निजता पर भी सवाल खड़े कर रही हैं।जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए थे कि परिसर में किसी भी प्रकार की दुकान नहीं लगने दी जाए। इसके बावजूद रोजाना निर्धारित समय पर दुकानें लग जाती हैं और सुबह तक संचालित होती रहती हैं। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि बिना संरक्षण के इतनी लंबी अवधि तक अस्पताल परिसर में अवैध दुकानें संचालित होना संभव नहीं है।

चौकाने वाली बात यह भी है कि जिला अस्पताल से कुछ ही दूरी पर कोतवाली थाना स्थित है। इसके बावजूद अस्पताल परिसर में रातभर असामाजिक तत्वों की मौजूदगी और अवैध दुकानों का संचालन कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि रात में कई बार नशेड़ी और संदिग्ध लोग भी यहां दिखाई देते हैं, जिससे भय का माहौल बना रहता है।

नागरिकों ने जिला प्रशासन, अस्पताल प्रबंधन और पुलिस विभाग से मांग की है कि अस्पताल परिसर को पूरी तरह अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों से मुक्त कराया जाए। साथ ही सुरक्षा गार्डों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि अस्पताल जैसा संवेदनशील परिसर सुरक्षित और शांत बना रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589